# झारखण्ड लोक सेवा आयोग
## सर्कुलर रोड, राँची – 834001

## प्रेस विज्ञप्ति

**झारखण्ड राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक (विज्ञापन संख्या–07/2019) के विभिन्न पदों पर सीधी नियुक्ति परीक्षा के संबंध में आवश्यक सूचना।**

झारखण्ड राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के विभिन्न पदों पर सीधी नियुक्ति परीक्षा (विज्ञापन संख्या–07/2019) हेतु औपबंधिक रूप से स्वीकृत अभ्यर्थियों का दिनांक–27.01.2020 से दिनांक–31.01.2020 तक अभिलेख सत्यापन की तिथिवार पूर्ण विवरणी एवं दिनांक–11.02.2020 से दिनांक–13.02.2020 तक साक्षात्कार कार्यक्रम की सूचना आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर अपलोड कर दी गई है।

2. आयोग द्वारा अस्वीकृत अभ्यर्थियों की सूची (कारण सहित) आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर अपलोड है।

3. साक्षात्कार हेतु चयनित अभ्यर्थी निर्धारित कार्यक्रमानुसार अभिलेख सत्यापन हेतु पूर्वाह्न–10:00 बजे एवं साक्षात्कार हेतु पूर्वाह्न–9:30 बजे तक आयोग कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

4. अभिलेख सत्यापन एवं साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र (Call Letter) डाक द्वारा नहीं भेजे जायेंगे। झारखण्ड राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के विभिन्न पदों पर सीधी नियुक्ति परीक्षा (विज्ञापन संख्या–07/2019) के अभ्यर्थियों जिनसे विज्ञापन की कंडिका–12(P) के निदेशानुसार ऑनलाईन आवेदन में अंकित प्रविष्टि एवं तदनुसार समर्पित प्रमाण पत्र के अनुरूप अभिलेख (Hard Copy) निर्धारित तिथि तक प्राप्त हुए हैं, वैसे अभ्यर्थी आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर उपलब्ध सूची के अनुसार दिनांक–22.01.2020 से अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं जन्म तिथि डालकर अभिलेख सत्यापन हेतु बुलावा पत्र (e-Call Letter) डाउनलोड कर सकते हैं। बुलावा पत्र (e-Call Letter) डाउनलोड करने में कोई असुविधा होने पर आयोग के हेल्पलाईन नं0–0651–2213009/ 2220111/9431301419/9431301636 पर कार्यदिवस में पूर्वाह्न–11:00 बजे से अपराह्न–5:00 बजे तक सम्पर्क कर सकते है।

5. साक्षात्कार हेतु औपबंधिक रूप से स्वीकृत अभ्यर्थियों का e-Call Letter दिनांक–08.02.2020 से आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध रहेगा।

6. अभिलेख सत्यापन के क्रम में शैक्षणिक योग्यता आदि का मूल्यांकन के पश्चात् मूल्यांकन प्रतिवेदन दिनांक–03.02.2020 से दिनांक–05.02.2020 तक आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर उपलब्ध रहेगा जिसपर यदि किसी अभ्यर्थी को आपत्ति हो तो संबंधित अभ्यर्थी अपने दावों के समर्थन में अभिलेख सहित अपना दावा पत्र आयोग के e-mail id - **apm072019@jpsc.gov.in** पर **e-mail** करेंगे। अभ्यर्थी अपना दावा पत्र आयोग के काउन्टर पर भी उक्त निर्धारित अवधि में समर्पित कर सकते हैं। निर्धारित तिथि–03.02.2020 से 05.02.2020 के पश्चात् प्राप्त दावे पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

7. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाइट www.jpsc.gov.in पर भी उपलब्ध है।

8. अभ्यर्थियों को अभिलेख सत्यापन के दौरान ऑनलाईन आवेदन में अंकित प्रविष्टि एवं तदनुसार समर्पित प्रमाण पत्रों के अनुरूप निम्न प्रमाण पत्रों की मूल प्रति एवं स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति 02 (दो) प्रतियों में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा:–

(i) जन्म तिथि के लिए मैट्रिक प्रमाण पत्र की छायाप्रति।

(ii) भारतीय चिकित्सा परिषद् से मान्यता प्राप्त चिकित्सा महाविद्यालयों से एम0बी0बी0एस0 डिग्री का प्रमाण पत्र एवं सभी वर्षों का अंक पत्र।

(iii) भारतीय चिकित्सा परिषद् से मान्यता प्राप्त चिकित्सा महाविद्यालयों से संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री यथा–एम0डी0, एम0एस0, डी0एन0बी0 अथवा समकक्ष उच्चतर डिग्री का प्रमाण पत्र, अंक पत्र एवं उसी स्पेशलिटी में पी0एच0डी0, डी0एम0, एम0सी0एच0 प्रमाण पत्र।

(iv) भारतीय चिकित्सा परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त/अनुमति प्राप्त (Recognized/ Permitted) चिकित्सा महाविद्यालयों सें संबंधित विषयों में 03 (तीन) वर्षों का जूनियर रेजिडेन्ट एवं 01(एक) वर्ष का सीनियर रेजिडेन्ट संबंधी प्रमाण पत्र।

(v) सरकारी क्षेत्र में कार्यानुभव प्रमाण पत्र।

(vi) जर्नल्स में मुख्य लेखक के रूप में संबंधित विषय के प्रभारी प्राध्यापक या विभागाध्यक्ष से प्राप्त प्रमाण पत्र के साथ जर्नल्स की प्रति।

कृ0पृ0उ0

(vii) जाति प्रमाण पत्र (जहाँ लागू हो) विज्ञापन की कंडिका–9(e) का (i) एवं (ii) के अनुसार।

(viii) मेडिकल बोर्ड द्वारा निर्गत विकलांगता प्रमाण पत्र (जहाँ लागू हो)

(ix) अनापत्ति प्रमाण पत्र (झारखण्ड राज्य स्वास्थ्य सेवा संवर्ग कार्यरत् चिकित्सकों के लिए अनिवार्य)।

(x) दो पासपोर्ट साईज का रंगीन अद्यतन फोटोग्राफ।

9. अभिलेख सत्यापन के दौरान उक्त कंडिकाओं में उल्लेखित सभी प्रमाण पत्र मूल रूप में प्रस्तुत नहीं करने पर अभ्यर्थिता रद्द कर दी जायेगी।

10. अभिलेख सत्यापन हेतु अभ्यर्थिता पूर्णतः औपबंधिक है। अभिलेख सत्यापन के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रमाण पत्रों/अभिलेखों के आधार पर साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थिता निर्धारित की जायेगी।

11. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाइट www.jpsc.gov.in पर भी उपलब्ध है।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।

झारखण्ड राज्य के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अन्तर्गत राज्य के विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के विभिन्न पदों पर सीधी नियुक्ति (विज्ञापन संख्या–07/2019) हेतु आयोग कार्यालय में अभिलेख सत्यापन का कार्यक्रम।

1. अभिलेख सत्यापन का कार्यक्रमः–

| क्र0सं0 | अभिलेख सत्यापन की तिथि | पद का नाम | अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | 27.01.2020 | Anatomy | 03 |
| | | Biochemistry | 06 |
| | | Pathology | 07 |
| | | Microbiology | 04 |
| | | FMT | 05 |
| | | PSM | 21 |
| 2. | 28.01.2020 | Pharmacology | 01 |
| | | T.B. Chest | 02 |
| | | Pediatric Disease | 21 |
| | | Ortho | 19 |
| | | Ophthalmology | 03 |
| 3. | 29.01.2020 | Physiology | 01 |
| | | Medicine | 11 |
| | | Surgery | 29 |
| | | Radiology | 04 |
| | | Dermatology and Venereal Disease | 01 |
| 4. | 31.01.2020 | E.N.T. | 09 |
| | | Gynaecology | 09 |
| | | Radiotherapy | 02 |
| | | Anesthesia | 12 |
| | | Blood Bank | 03 |
| | | Psychiatry | 04 |
| | | Physical Medicine and Rehabilitation | 06 |

परीक्षा नियंत्रक,
झारखंड लोक सेवा आयोग, राँची।